हेमवती नन्दन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय
Hemvati Nandan Bahuguna Garhwal University
श्रीनगर गढ़वाल (उत्तराखण्ड)–246174
Srinagar Garhwal (Uttarakhand) - 246174
(केन्द्रीय विश्वविद्यालय)
(A Central University)

पत्रांक: हे.न.ब.ग.वि.वि. / प्र0परी0 / 2023 / 164 दिनांक : 23 / 03 / 2023

## (अधिसूचना / 164)

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है, कि हेमवती नन्दन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय, श्रीनगर गढ़वाल में सत्र 2023–24 से **शिक्षा विभाग में स्नातक (UG) पाठ्यक्रम के अन्तर्गत बी0एड0 चार वर्षीय पाठ्यक्रम (B.Ed. Integrated Course)** संचालित किया जा रहा है। इण्टरमीडियट (12वीं) कक्षा में सम्मिलित / उत्तीर्ण छात्र–छात्रायें इस पाठ्यक्रम हेतु आवेदन कर सकते हैं। पाठ्यक्रम में प्रवेश लेने वाले छात्र–छात्राओं को NTA द्वारा आयोजित प्रवेश परीक्षा जो **Common University Entrance Test (CUET)** के माध्यम से आयोजित करवायी जा रही है, में सम्मिलित होना अनिवार्य है। आवेदन हेतु एन0टी0ए0 की बेवसाइट **https://cuet.samarth.ac.in/** पर **दिनांक 30 मार्च, 2023 (समय 9:00PM)** तक पंजीकरण कर सकते हैं। प्रवेश परीक्षा **दिनांक 21 मई, 2023 से 31 मई, 2023** तक आयोजित की जायेगी। छात्र–छात्राओं को आवश्यक दिशा निर्देश हेतु स्नातक (UG) पाठ्यक्रम की Mapping विश्वविद्यालय की वेबसाइट **hnbgu.ac.in** पर उपलब्ध है।

जो अभ्यर्थी पूर्व में आवेदन पत्र भर चुके हैं वे भी यदि इस पाठ्यक्रम के इच्छुक हैं तो अपने आवेदन पत्र में इसे अपडेट कर सकते हैं।

23.03.2023
कुलसचिव

**प्रतिलिपि– निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1. समस्त संकायाध्यक्ष / विभागाध्यक्ष / निदेशक / टिहरी, पौड़ी परिसर।
2. समस्त प्राचार्य / निदेशक / सम्बद्ध महाविद्यालय / संस्थान।
3. वित्त अधिकारी / परीक्षा नियंत्रक / कोर्डिनेटर, प्रवेश परीक्षा।
4. समस्त उप कुलसचिव / सहायक कुलसचिव।
5. जनसम्पर्क अधिकारी, को इस आशय से प्रेषित कि उक्त विज्ञप्ति समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रसारित करवाने का कष्ट करें।
6. सिस्टम मैनेजर, को इस आश्य से प्रेषित कि उक्त विज्ञप्ति को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड़ करने का कष्ट करें।
7. निजी सचिव, कुलसचिव, कुलसचिव महोदय को सूचनार्थ।
8. निजी सचिव, प्रति कुलपति, माननीय प्रति कुलपति, महोदय को सादर सूचनार्थ।
9. निजी सचिव, कुलपति, माननीय कुलपति महोदया को सादर सूचनार्थ।
10. गार्ड फाईल।

कुलसचिव